मालाबार अभ्यास 2024

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

हाल ही में सैन्य अभ्यास '**मालाबार 2024**' **का समुद्री चरण विशाखापत्तनम** में संपन्न हुआ।

'मालाबार 2024' अभ्यास की प्रमुख घटनाएँ:

- **प्रतिभागी और प्रमुख अभ्यास:** इस संस्करण में **युद्धपोतों की उनके अभिन्न हेलीकॉप्टर, लंबी दूरी के समुद्री गश्ती विमान और पनडुब्बी** ने सतह, उप-सतह और वायु युद्ध के क्षेत्र में जटिल और उन्नत अभ्यासों में हिस्सा लिया।

मालाबार अभ्यास के बारे में:

- **वर्ष 1992** में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू किये गए इस बहुपक्षीय**युद्धाभ्यास का वर्ष 2007 में विस्तार कर इसमें जापान और ऑस्ट्रेलिया** को भी शामिल कर लिया गया।
    - क्वाड **और मालाबार अभ्यास** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के अपने साझा उद्देश्य के माध्यम से निकटता से जुड़े हुए हैं।
- **क्वाड: 'चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता' (QSD)** के रूप में जाना जाने वाला क्वाड एक अनौपचारिक रणनीतिक मंच है जिसमें चार देश अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं।
    - इस समूह की पहली बैठक वर्ष 2007 में आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी।
    - **क्वाड नेताओं ने समुद्री क्षेत्र में जागरूकता के लिये भारत-प्रशांत भागीदारी (MAITRI)** के माध्यम से उपलब्ध कराए गए उपकरणों का अधिकतम उपयोग करने के लिये **भारत-प्रशांत क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिये क्षेत्रीय समुद्री पहल (मैत्री)** का शुभारंभ किया।
- **अन्य सैन्य अभ्यास:**
    - **ला पेरोस:** भारत, ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्राँस, जापान और यूनाइटेड किंगडम।
    - **SALVEX:** भारत और अमेरिका
    - **सी ड्रैगन:** भारत, अमेरिका, जापान, कनाडा और दक्षिण कोरिया
    - **वीर गार्जियन:** भारत और जापान के बीच हवाई अभ्यास
    - **अभ्यास काकाडू:** मालाबार देशों के बीच द्वि-वार्षिक अभ्यास (ऑस्ट्रेलियाई नौसेना द्वारा आयोजित)।

//



और पढ़ें: [मालाबार अभ्यास 2021, भारत के प्रमुख सैन्य अभ्यास]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/malabar-exercise-2024